Total Pages : 8

# C25JIIA02

## B.Sc./BCA (Semester-II)
## (NEP) Examination, 2025

## Ability Enhancement Course (AEC)

## F.C. HINDI BHASHA

*Time Allowed : Two Hours*

*Maximum Marks : 35*

**निर्देश** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न-पत्र (अ) एवं (ब) दो खण्डों में विभक्त है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**खण्ड-अ**

1. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- [5×1=5]

(i) भारत वंदना कविता के कवि हैं-

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(स) हरिशंकर परसाई

(द) महात्मा गाँधी

(ii) 'आगत' का विलोम शब्द है-

(अ) स्वागत

(ब) नवागत

(स) अनागत

(द) अवरोह

(iii) 'मदन' किसका पर्यायवाची शब्द है?

(अ) इन्द्र

(ब) कामदेव

(स) शिव

(द) नारद

(iv) वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द कौन-सा है?



(अ) आधिकार

(ब) आशीर्वाद

(स) अकाश

(द) पूर्ती

(v) 'कलेजा फटना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(अ) हार मानना

(ब) गायब होना

(स) दुःख होना

(द) याद रखना

(vi) माता-पिता में समास है-

(अ) कर्मधारय

(ब) तत्पुरुष

(स) द्वन्द्व

(द) द्विगु

(vii) 'सजावट' शब्द में प्रत्यय है-

(अ) आहट

(ब) आवट

(स) सज

(द) वट

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए- [5×2=10]

(i) उपसर्ग किसे कहते हैं?

(ii) समास की परिभाषा लिखिए।

(iii) आकाश और कोयल के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(iv) पर्यायवाची शब्द को परिभाषित कीजिए।

(v) 'थोथा चना बाजे घना' और 'एक पंथ दो काज' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

(vi) High Court और Interview शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए।



(vii) 'गोचर' और 'अनाथ' शब्दों का विलोम शब्द लिखिए।

(viii) प्रत्यय किसे कहते हैं?

(ix) हरिशंकर परसाई की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

**खण्ड-ब**

3. निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में लिखिए- [4×5=20]

(i) 'भारत वंदना' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

'चोरी और प्रायश्चित' निबंध का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

(ii) उपसर्ग और प्रत्यय में अन्तर स्पष्ट करते हुए, प्रत्येक के पाँच-पाँच उदाहरण दीजिए।

**अथवा**

समास के कितने प्रकार हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(iii) मुहावरे और लोकोक्ति को परिभाषित करते हुए, उदाहरण सहित अंतर लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए-

(क) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।

(ख) कार्यक्रम में लगभग सौ के करीब लोग आए।

(ग) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(घ) श्री कृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(ङ) गरम गाय का दूध अच्छा होता है।

(iv) 'आपरेशन सिन्दूर' अथवा 'प्रदूषण की समस्या' विषय पर निबंध लिखिए।

----x----